चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांक : कमेटी सैल/(प्रोफे० कोर्स)/5301
दिनांक : 14/12/2022

प्रेस विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय में सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित समस्त परम्परागत एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर सत्र दिसम्बर, 2022 (प्रथम सेमेस्टर तथा एन0ई0पी0 पाठ्यक्रमों को छोड़कर) के परीक्षा फार्म दिनांक 23.10.2022 से 25.11.2022 तक बिना विलम्ब शुल्क के तथा दिनांक 26.11.2022 से 02.12.2022 तक रू0 500/- प्रति परीक्षा फार्म विलम्ब शुल्क के साथ भरवाये जा चुके हैं। कतिपय महाविद्यालय एवं छात्र, जो उक्त अवधि में परीक्षा फार्म भरने से वंचित रह गये हैं, को व्यापक छात्रहित में दिनांक 16.12.2022 से दिनांक 20.12.2022 तक प्रति परीक्षा फार्म विलम्ब शुल्क रू0 500/- के साथ परीक्षा फार्म भरने का एक अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है।

01. विलम्ब शुल्क रू0 500/- के साथ परीक्षा फार्म भरने की तिथि दिनांक 16.12.2022 से 20.12.2022
02. परीक्षा फार्म सत्यापित करने तथा N.R. के साथ विश्वविद्यालय में जमा करने की तिथि दिनांक 22.12.2022 तक

स्मरण रहे कि यह परीक्षा फार्म भरने का अन्तिम अवसर है। इसके पश्चात् किसी भी दशा में कोई भी परीक्षा फार्म स्वीकार नही किया जायेगा। परीक्षाऐं जनवरी, 2023 के प्रथम सप्ताह से आयोजित होनी प्रस्तावित हैं।

14/12/2022
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक/समन्वयक समस्त महाविद्यालय/संस्थान, सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु।
2. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. आशुलिपिक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
4. सहा0 कुलसचिव कुलसचिव (परीक्षा)।
6. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
7. प्रभारी, (सीक्रेसी), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
8. प्रभारी, व्यवसायिक पाठ्यक्रम (रिजल्ट सैल), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
9. प्रभारी (सामान्य/भण्डार)।
10. आशुलिपिक कुलसचिव।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
12. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि यह विज्ञप्ति विश्वविद्यालय वेबसाईट के Examination > Exam Related Information TAB में अपलोड करें।
13. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र/प्राधिकृत एजेन्सी।
14. विश्वविद्यालय सूचना पट।
15. प्राधिकृत एजेन्सी (M/s Mascot Ltd.) को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपर्युक्त परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय नियमानुसार सुचारू रूप से भरवाना सुनिश्चित करें।

14/12
सहायक कुलसचिव
(व्यव0परीक्षा)
14/12/22

Scanned with CamScanner